1-Chinese fighter jets, anti-submarine aircraft and combat ships conducted assault drills near Taiwan with the People''s Liberation Army saying the exercise was necessary to safeguard China''s sovereignty.

चीनी सेना ने लड़ाकू विमानों, पनडुब्बी रोधी विमानों और लड़ाकू जहाजों के साथ मंगलवार को ताइवान के निकट सैन्य अभ्यास किया, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने कहा कि यह अभ्यास चीन की संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक था।

2-Neuberg Diagnostics said it has roped in cricketer MS Dhoni as a brand ambassador for creating awareness about the company''s health and wellness campaign.

न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स ने कहा कि उसने कंपनी के स्वास्थ्य अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्रिकेट खिलाड़ी एम एस धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

3-Direct selling major Amway India has signed Olympic silver medalist Saikhom Mirabai Chanu as brand ambassador for Amway and its Nutrilite range of products.

सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचने वाली कंपनी एमवे इंडिया ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को एमवे और अपने न्यूट्रीलाइट उत्पादों की श्रृंखला के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

4-SpiceJet announced it was transferring its cargo and logistics services on a slump sale basis to its subsidiary SpiceXpress and Logistics Private Limited.

स्पाइसजेट ने कहा कि वह अपनी कार्गो और लॉजिस्टिक सेवाओं को अपनी सहायक कंपनी स्पाइसएक्सप्रेस एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को स्थानांतरित कर रही है।

5-The Uttarakhand cabinet has cleared a proposal to drop the word “East Pakistan” from caste certificates issued to members of the displaced Bengali community in the state.

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने प्रदेश में रह रहे विस्थापित बंगाली समाज के सदस्यों को जारी होने वाले प्रमाणपत्रों से 'पूर्वी पाकिस्तान' शब्द हटाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी ।

6-Google Cloud said it has appointed former Wipro executive Bhanumurthy Ballapuram as Vice President for Customer Experience, Japan and Asia Pacific (JAPAC).

गूगल क्लाउड ने कहा कि उसने विप्रो के पूर्व कार्यकारी भानुमूर्ति बल्लापुरम को जापान और एशिया प्रशांत (जेएपीएसी) के लिए उपाध्यक्ष (ग्राहक अनुभव) नियुक्त किया है।

7-India will clash with arch-rivals Pakistan in their ICC T20 World Cup opener on October 24 in Dubai, the ICC announced.

भारत 24 अक्टूबर को दुबई में टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दी।

8-Former fast bowler Shane Bond will join New Zealand team as "fourth coach" during the upcoming T20 World Cup in the UAE, soon after his Mumbai Indians stint in the remainder of the IPL.

पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड यूएई में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम के चौथे कोच होंगे, इससे ठीक पहले वह आईपीएल के बाकी सत्र में मुंबई इंडियंस के साथ रहेंगे।

9-Uttar Pradesh will now have an Anti-Terrorism Squad (ATS) commando centre in Deoband in Saharanpur district.

उत्तर प्रदेश में अब सहारनपुर जिले के देवबंद में आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) का कमांडो सेंटर होगा।

10-India has got a composite 'Financial Inclusion Index' (FI- Index) to capture the extent of financial inclusion across the country.

पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को मापने के लिए भारत को एक समग्र वित्तीय समावेशन सूचकांक (एफआई इंडेक्स) मिला है।